'भाई माईदास के गिआराँ पुत्र शहादत का जाम पी कर सन्सार से विदा हुऐ उुन में से भाई मनी सिंह जी भी सिखी सिदक निभाते, सच पे पहिरा देते, अडोल शाँत चित रहे। गुरू कर्पा से ही बन्द बन्द कटवाकर शहीद हूऐ। ईन का प्रीवार पंवार राजपूत गुरसिख था तथा इस प्रीवार की शहीदीओं की महिमाँ से भाट वहीआँ भरी पड़ीं हैं'। मशहूर भाट कवी भाई सेवा सिंह जी ने भाई मनी सिंह जी की शहीदी तथा शखसीअत के बारे में शैंधा के साथ काव बन्द कीऐ हैं:-

हे करुनानिध मिहर करो तउो चित्र बचित्र कथूँ यह लीला
जिह पड़न कर सिदक बड़े और कायर सुने मुख रहे ना पीला।अँग
अँग कटे नहि सी कही जिह सीस दयौ सिख भयौ ना ढीला।
सेवा हरी तुआ मध कौउू, सम सिंह मनी नहि भयौ हठीला।
प्रान हरे सजह धरम हित खातर परउुपकार।
ऐसे सिदकी सिख की गाथा कहूँ उूचार। (भाट सेवा सिंह)

-000-

भाई लखी शाह बनजारा (बड़तीआ)

गोत्र बड़तीआ / बरादरी के भाई लखी शाह जिनहें सिख जगत में बाबा लखी शाह बनजारा के नाम से भी जाना जाता है के बारे मे गिआनी गरजा सिह की सम्पादना की गए पुसतक 'शहीद बिलास शहीद भाई मनी सिंह' में दी गईं भाट वहीओं की टिपणीओं के अधार से तथा सरूप सिंह कौशिश की लिखी पुसतक 'गुरू की साखीआँ' जो प्रो: पिआरा सिंह पदम ने सम्पादत की सें मिली जानकारी से पता चलता है कि भाई लखी शाह का नाम सिख इतिहास मैं उस सम्य आया जब ओरंगजेब के जुलमों की आंधी चल रही थी तथा रोजाना सवा सवा मण जन्यउ हिन्दूओं के उतार कर दिळली लेजा कर जलाऐ जाते थे और हिन्दूओं को जबरन मुसालमान बनाया जाता था। कशमीकी हिंदुओं की पुकार सुन कर जब गुरू तेगबहादर साहिब जी जब 'तिलक जन्जू की रकशा' के लिऐ दिळली में शहीदी देने के लिऐ अन्दपुर से रवाना हूऐ ओर दिळली जाते सम्य तीन सिखों के साथ बन्दी बना कर तीन महीने के बाद समत 1732 माह मगहर सुदी तरादसी को दिळली लाया गया। गुरू जी के साथ लाऐ गऐ पहले तीन सिखौं को गुरू जी के संमुख कशट देकर शहीद किया गया फिर गुरू तेग बहादर जी को चाँदनी चौक दिळली में शहीद किया गया। हिंदूओं को डराने के लिऐ गुरू जी का शीश तथा पार्थक शरीर वहाँ चोक में ही पड़ा रहने दिया ओर फौज का सखत पहिरा लगा दिया। ओरंगजेब के जुलम से गुरू नानक नाम लेवा सिखों के मन सहम गऐ किसी की भी हिमत ना पड़ी के गुरू जी के पार्थक शरीर के पास जा सके ओर दाह संसकार कर सकें। रात्रि के सम्य 'दिळली मुहले' के सिख नानू छीपे के घर इकठे हूऐ तथा विचार करने लगे। भाई तुलसी ने कहा गुरू तेग बहादर जी का पवित्र / पार्थक शरीर चाँदनी चौक मे पड़ा है उुसे जैसे कैसे वहाँ से उठाया जाऐ। नानू राऐ छीपे ने कहा कि नायक भाई लखी शाह वनजारे से पूछीऐ उस का टाँडा आज ही नारनोल से आया है। सिख आगे पीछे चलते लखीशाह के टाँडे में 'रसीना गाँव' आ गऐ ओर उसे तीन सिखों तथा गुरू जी की शहीदी की सारी बात बताई। भाई लखी शाह गुरू घर का अनंय सेवक था। सुन कर बहुत दुखी हुआ ओर हाथ बाँध कर सिखों से कहने लगा जो भी आप कहेंगे मैं करने को तयार हूँ। इन्ही विचारों में आधी रात्रि हो गई। भाई लखी शाह टाँडे के साथ किले से कोतवाली की ओर आया जहाँ गुरु जी का पवित्र / पार्थक शरीर पड़ा था। उुसी सम्य वहाँ भाई नानू राऐ, भाई जैता तथा भाई उुधे जी भी वहाँ पहुँचे। अन्धेरी तथा गुबार का फायदा अठाते हुऐ भाई जैता जी ने गुरू जी का पवित्र शीश उठाया तथा छिपते छिपाते अन्नद पुर साहिब को चल पड़ा। अुसी सम्य भाई लखी शाह ने अपने बेटों निगाहीआ, हाड़ी, हेमा तथा ओर सिखों की मदत से गुरू जी का पवित्र / पार्थक शरीर उठा कर बैलगाड़ी में रख लिया तथा अपने धर गाँव रसीना आ गऐ। उुस सम्य अन्धेरा हो गया था, किसी को पता ना चले, इस लिये आदर सहित चारपाई पे गुरू जी का पवित्र / पार्थक शरीर रख कर कूऐं से पानी ला कर गूरू जी के पवित्र शरीर का ईशनान कराया गया। समय की नजाकत को देखते हुए भाई लखी शाह ने अपने घर में ही लकड़ीआँ एकठी की तथा गुरू जी की चिता तयार कर घर को ही आग लगा कर गुरू जी के पवित्र / पार्थक शरीर का दाह सँसकार कर दिया तथा वाहिगुरू जी की रजा में रहते वाहिगुरु जी का शुकराना करने कहा - जिस का कारज तिन ही कीआ, मानस कया विचारा। भाई सन्तोख सिंह जी 'श्री गुरू प्र. सूरज ग्रन्थ' के पन्ना 4481 पे लिखते हैं:-

" नर गन मिलें काज ततकाला।।करत भऐ धरि भाउ बिसाला।।
सभि छपरन को अगनि लगाई।। चिखा बीच तहि अधिक जलाई।। 37
कासट बहुत घ्रित गन डारा।लगी हुतासन लाट उुदारा।।
अंध जळली तबि रोर मचाओ। किनही आनि ईत अगनि लगाओ।।38।।
ईत फरेब सभिहिन महिँ करकै।। सन्सकारै सतिगुरू सुधरिकै।।80।।

श्री गुरू तेगबहादर जी के पवित्र शरीर को चान्दनी चौक से भाई लखी शाह की ओर से ले जा कर संसकार करने के बारे भाट वही यादोबँसीआँ की खाता बड़तीऐ कनाउुत का में भी लिखा है, जो गुरू की साखीआँ किताब के पन्ना 85 ते भी अंकित है:-"लखीआ गोधो का नगाहीआ, हेमा ,हाड़ी बेटे लखीऐ के यादोबँसी बड़तीआ कनाउूत, नाइक धूमाँ बेटा काने का तूमर बिजलाउूँत गुरू तेग बहादर जी महिल नावाँ की लाश उठाऐ लाऐ, साल सतराँ से बतीस मँगसर सुधी छठ गुरूवार के दिहों दाग दीया रसीना गाम में आध घरी रैन रही" (गुरू की साखीआँ पन्ना 85)

भाट वहीओं के अधिअन से पता चलता है कि भाई लखी शाह जी के पिता का नाम गोधू राऐ तथा बाबा का नाम ठाकुर दास, बँस परशोतम का चन्द्रबँसी यादव, गोत्र बड़तीआ कनाउुत था, जो गोआर राजपूतों के से है। लखी राऐ के आठ पुत्र (निगाहीआ, हेमां, हाड़ी, सीतू, पुन्डारा, बखशी, बाला व जवाहर) थे, तथा एक बेटी सीतो बाई थी जो शहीद भाई मनी सिंह की विवाहिता थीं। सीतो बाई की शादी के सम्य भाई लखी राऐ का टाँडा खैर पुर, तहिसील अलीपुर, जिला मुजाफरगड़ में था। बाबा लखी शाह की धंम पतनी का नाम पारो देवी था जो गराँबनी गोत्र के गोआर राजपूतों की बेटी थी। भाट वहीओं से बाबा लखी शाह बनजारा बड़तीआ जी की माता का नाम तथा जन्म की तिथी कहीं नहीं मिलती मगर भाई रणधीर सिंह सन्भलजी ने जीवान भाई लखी शाह वानजारा (राजपूत) पन्ना 30 पे लिखा है;- "बाबा लखी शाह जी वनजारा का जन्म पितता गौधू रामके ग्रहि मैं माता शरनी जी की कौख से, गाँव खैरपुर जिला मुजफरगड़ मैं 20 मार्च सन्न 1613 में हुआ"

भाई लखी शाह व उनका परीवार एक सन्पन अमीर परीवार था जिन के पास लाखौं बैल तथा उूँठौं की लम्बा काफिला था। भाई लखी शाह की उपमाँ में केशो भाट ने यह दोहा कहा जो शहीद बिलास भहाई मणी सिंह पुसतक के पन्ना 23 पे अंकित है:-"धन पाराँ देई गराँबनी, पूत जन्मआ निगाहीआ, पाँव सै हाड़ी मार भगाऐ। गुरू की लोथ उठाऐ लिआनी, जश जग में पाएिआ, पिता पूत रौशन भऐ आऐै। जश गाउुँ तउु लखीऐ गोधू ठाकर का, ताजी बन्दे बार, उूँठों बैलों की सोहे लार, बराहमन भाटों को दिया दान, बेल तेरी को गुरू बधाऐ। जश जोड़ केशो भाट भनिया, साल सत्राँ सै अठतीआँ रकाब गंज के मलहान, कगँनों की जोड़ी, मोहरों की माला भटों को पहिनाऐ। (शहीद बिलास भहाई मणी सिंह पान्ना 23)

एस बारे में भाट वही यादोबन्सी बड़तीआँ की मैं भी भाई लखी शाह जी तथा उुनके पुत्र कैसे सतिगुरू जी का पवित्र पार्थिक शरीर चाँदनी चौक से उुठा कर लाऐ, का र्वनण भाई केशो भाट ने इस दोहे मैं कहा है:-

चला चलाई हो रही, गड़ गड़ उुखरे मेख।
लखी निगाहीआ ले गऐ,तू खड़ा तमाछा देख।
लखी निगाहीआ लख गऐ, हेम अड़ाउो आठ।।
साथ सरीका लख गऐ, बहुर ना आएि ईस बाट ।
धन्न पाराँ देई गराबनी, पूत जनमिआ नगाहीआ।।
पाँच सौ हावी मार भगाऐ, गुरू की लौथ उुठाऐ लिआनी।
जस जग मैं पाएिआ, पिता पूत रौशन भऐ आऐ।।
(जीवान भाई लखी शाह वानजारा (राजपूत)
पन्ना 66, लिखत भाई रणधीर सिंह सन्भल)

भाई लखी शाह बनजारा तथा भाई जैता जी की दिलेरी के बारे किसी ने लिखा है:

चड़ी हन्देरी काली बोली औरन्गे जुलम कमायआ।।
अपनी हैंकड़ रखण खातर, नौवाँ नानक कतल कराएिआ।।
हिंमत सिख की परखण वाला सम्य आण बनाएिआ।।
लखी शाह ते जैते ने, जरा देर ना कीती,
सिर धड़ को चाँदनी चौक से, सही जगहा पहुचाएिआ।।

सिख इतिहास मैं जब भी विकट सम्य आया तो गोआर राजपूतौं ने गुरु घर की सेवा शरधा के साथ की। जब श्री गुरू हरिकरिशन साहिब जी दिळली में अपना अन्त सम्य देख कर सन्गत को गुरू घर की नोवी जौत के लिऐ इशारा करते बोले, 'गुरू बाबा बकाले' व जोती जोत समा गऐ। उुस सम्य बाबा बकाला में अनेकों पाखंड़ी गुरू बन कर बैठ गये तथा सिख संगत परेशान तथा दुबधा मैं पड़ गई कि किस के गुरू माने। इस संकट की घड़ी मैं बाबा मखण शाह जी ने नावैं गुरू जी के र्दशन करने के बाद कोठे की छत पे जा कर जोर जोर से कहा, "गुरू लाधौ रे... गुरू लाधौ रे" व पाखंड़ी गुरूओं का परदा फाश कीआ जिस के बारे कवी ने खुब लिखा है;-

ऐक शाह ने गुरू को जग में इंज परकटायआ।
कोठे पे चड़ के गुरू लाधो रे गुरू लाधो रे का शोर मचायआँ।।
दूजे शाह ने दिळली में गुरू धड़ को लोकायआ।
अपणे घर के आग लगा कर, गुरू धड़ का सन्सकार कराएिआ।।
उुस शाह ने भी अपणा र्फज निभाएिआ, इस शाह ने भी अपणा र्फज निभाएिआ।।

भाई लखी शाह एक धनाड विउपारी था जिस के पास हजारों बैल तथा उूँठ थे ओर सिख इतिहास में उन्हें लखी शाह कहते थे। उुन के बारे कहा जाता है कि जहाँ उुन का काफला रुकता था, वहाँ नई बावड़ी (पानी निकालने का पुरातन सरोत) बना कर काफलों के लिए पानी का इनतजाम किया जाता था। बाबा लखी शाह ने अपने विउोपार मार्ग मैं रुकने के लिऐ अनेक सराऐै भी बनवाई थी जिन में से एक सराऐ जिळला पटिआला, पंजाब में राजपुरा के नजदीक 'सराऐ बनजारा' के नाम से बनी हुइ आज भी मोजूद है, जिस मैं अभी भी सराऐ का ऐक दरवजा अपनी धरोहक की गाथा बता रहा है। वहाँ एक सुख दवार / डिउोड़ी नुमाँ का खन्डर भी है जिस के पास अभी भी तलाब की सीड़ीआँ नजर आतीं हैं तथा दौ तीन ऐकड़ के तलाब के अवशेश जगह जगह नजर आते हैं, जिन में गाओं के किसान खेती कर रहे हैं। गाँव के बड़े बर्जुगों से पूछने से पता चला कि यह सराऐ लखी शहि वनजारा जी की बनाइ हुइ ही है। यह सराऐ पुराने वयोपारक मार्ग 'दिळली - लाहोर मार्ग' पे है। भाई लखी शाह के नाम पे अगरोहा मैं भी एक बड़ा तालब है। (अग्रसैन अह्रोहा अग्रवाल लिखत डा. सवराजयमणि अगरवाल अैम. ऐ. पी.ऐच.डी पन्ना 57) रामपुरा फूल के रेलवे सटेशन से कोई डेड - दो मील पे उुत्र पचछम की ओर एक माड़ी की जगा है जिस को भुलर गौत्र के चौधरी की जगहा कहते हैं। यहाँ पे एक पक्का कूआँ है जिसे लोग 'लखी बनजारे का कुआँ' कहते हैं। (बाबा आला सिंह भाई करम सिंह हिसटोरीअन पन्ना - 19) वयपार करने के साथ साथ बाबा लखी शाह गुरूघर के अन्नय सेवक भी थे। बाबा लखी शाह ने उुस सम्य जगह खरीद कर रसीना गाँव बसाया तथा वहीं पे रहे। भट वहीओं के अनूसार - बाबा लखी राऐ जेठ सुदी इकादसी सम्बत 1737 (1680 ई:) को रसीना गाँव (रकाब गन्ज) में गुरू चरणों में जा बिराजे। भाट वही अटेला, परगणा कैथल में लिखा है:-"लखी राऐ बेटा गोधू का पोता ठाकर दास का बँस प्रशोतम का चन्द्रबँसी यादव गोत्र, बड़तीआ कनाउुँत साल सतराँ सै सैंतीस, जेठ सुदी इकादसी, रकाब गन्ज के मलहान दिळली नगरी, गाव रसीना, सवा पहिर दिँहु चड़े

प्रलोक पिआना किया" (गुरू की साखीआँ पन्ना 25) केशो भाट ने उस सम्य यह दोहा कहा था:- "सिमर भाट तउुसतिगुर अपना, धनधगला गड़धारा। हुकम हुआ सचे साहिब का, लखी बड़तीआ सर्वग सिधारा। आठो बेटे हूऐ इकठे, काज करन की बारा। निगाहीआ, हेमां, हाड़ी आऐ, आया सीतू ते पुन्डारा। बकशी बाला जवाहर आऐ, बन्धे बर्छी कमर कटारा। मँहिंगे मोल उूँठ मँगाऐ, चड़ने को धोड़े कानों में बारा। नगाहीआ सिर पाग बन्धाई, बँस ठाकर का भया उुजिआरा। जस जोड़ केसो भाट भनिआ, साल सत्राँ सै अठतीआ 'रकाब गँज के मलहान; कन्गनों की जोड़ी, मोहरों की माला, भाटों को पहिनाई। (भाट वही यादों बँसी बड़तीआँ की तथा शहीद बिलास भाई मणी सिहं पन्ना - 23) इस दोहे से पता चलता हे के बाबा लखी शाह के सर्वग सिधारने के सम्य बाबा लखी शाह के बेटे भी धनाढ थे तथा मँहिंगे मोल के उूँठ व धोड़े रखते थे व दानी भी थे जो कुल भाट को कन्गनो की जोड़ी तथा मोहरौं की माला पहिनाते हैं। बाबा लखी शाह के बेटे धनाड व गुरूघर के भी अन्नय सेवक थे। जब गुरूगोबिन्द सिंह जी ने अर्मित तैयार किया तथा खालसा कोम की नीव रखी उुस सम्य बाबा लखी शाह जी के सात बेटे भी अर्मितपान कर सिंह सजे ओर अन्नदपुर की लड़ाईओं में भी हिसा लेते रहे। जवाहर सिंह बेटा बाबा लखी शाह 30 अप्रल 1700 को अन्नदपुर साहिब मैं फतिहगड़ के बाहर हुई लढाई मैं शहीद हुआ। भाँठ वही यादों बँसी बड़तीआँ की खाता बड़तीऐ कनाउोतौं का मैं ईस के बारे लिखा है:-

"जवाहर सिंह बेटा लखीऐ का, पोता गोधू का बड़तीआ कनाव...सालसतरह सै सतवन्जा, भादवा प्रविशटे तीस गुरूवार के दिहौं गुरू का बचन पाऐ किला फतिहगड़, परगना सहोटा के मलहान सामैं माथे जूझ कर मरा, आगे गुरू भाणे का खाविन्द। गुरू की गत गुरू जाने।....."

बाबा लखी राऐ का दूसरा बेटा भाई हैम सिंह 16 जनवरी 1704 को अन्नदपुर की लड़ाई में शहीद हुऐ। बाबा लखी राऐ का सब से बड़ा बेटा निगाहीआ सिंह 6 अपरैल 1709 को सामे माथे जूझ कर शहीद हुआ। जिस के बारे भाट वही यादों बँसी बड़तीआँ की में लिखा है:-

"निगाहीआ सिंह बेटा लखीऐ का, पोता गोधू का पड़पोता ठाकर दास का चन्द्र बन्सी, अत्रिस, यादवबन्सी कुल परशोतमदास का, बड़तीआ कनाउोत समत सतरए सै छिआसठ, बिसाख प्रविशट नावीं गुरूचक के मलहान रण मैं सामैं माथे जूझ कर मरा..." (गुरू के शेर पन्ना - 240, डा. हरजिन्दर सिंह दिलगीर)

भाई लखी शाह / राऐ जी की असतीआँ हरिदवार गंगा में जल परवाह की गइ जिस के बारे पंडा वही खेम चन्द चुनी लाल हरिदवार में लिखा है:-" निगाहीआ, हेमां, हाड़ी, सीतू, पुन्डारा, बखशी, बाला तथा जवाहर बेटे लखी राऐ पोते गोधू के पड़पोते ठाकर दास के चन्द्रबँसी, उुलाद प्रशोतम की बड़तीआ कनाउुँत साल सतराँ सै अठतीस, भादव मास की अमावस के दिहुँ नगाहीआ गंगा जी आया, फूल पिता लखी राऐ के ले कर साथ हेमचन्द आया, साथ माता कन्तो आई" (गुरू की साखीआँ पन्ना - 26)

बाबा लखी शाह बन्जारा जी को बन्जारा नाम से सारा सिख जगत जानता है मगर यह केवल गौआर समाज ही जानता है कि बाबा लखी शाह बन्जारा जी गोआर राजपूत समाज की बड़तीआ गोत्र से हैं। भाट वहीओं में भी यादोवन्सी बड़तीआ कनाउोत लिखा है जौ गौआर समाज में आज भी मुखया गोत्र से है। भाई रणधीर सिंह सन्भल जी ने जीवान भाई लखी शाह वानजारा (राजपूत) में जगा जगा बाबा लखी शाह को लुबाना लिखा है तथा बहुत सारे दुसरे लेखकौं के हवाले दिऐ हैं जो बाबा लखी शाह को लुबाना लिखते हैं। किताब के पन्ना 66 पे सन्भल जी लुबानों के 11 गोत्र लिखते है : कुन्दलस, सुन्दलस, बाशक, वशिशट, लसलस, कशप, अतरीलस, भरूत, कोशल तथा कौलछ इन दीऐ गोत्र में कहीं भी बड़तीआ गोत्र नहीं है। जब भाई सन्भल जी भाट वही बड़तीऔं का हवाला देते है।... गौआर राजपूत समाज के अलग अलग नाम जेसे बनजारा, सिरकीबन्द, वाणवट, मथरा बनजारे, भाट बनजारे, लुबाना, नट, भागवताँ, काकनीआ, काकसरीआ, लावाना, गावारीआ, गामलीआ, बाजीगर आदि हैं। मगर यह बड़तीआ गोत्र सिरफ गोर/ गोआर बनजारौं तथा गौआर / गोर बाजीगरौं के मुख गोत्रों में ही है। इस लिय बाबा लखी शाह जी को अनजाने में या अपने फाइदे के लिये लुबाना लिखना गलत ही नहीं बलकि उुन से नाइनसाफी भी होगी।

धन है बाबा लखी शाह बन्जारा व उन के वंशज, धन है साहिब गुरू गोबिन्द सिंह जी की सिखी व गुरू जी के सिख। अब सोचो आज के सिख कैसे हैं? बाबा लखी शाह ने अपने घर को आग लगा कर गुरू तेगबहादर जी के पवित्र पार्थक शरीर का दाह सँसकार किया। रसीना गाँव बाबा लखी शाह का था जहाँ आज गुरूदवारा रकाबगंज साहिब मोजुद हें। समझ नहीं आता बाबा जी का घर ना जाने कैसे सिरफ घोड़ों के तबेला में तवदील कर दीआ गया जो नाम रकाबगंज बना लिआ गया। जब सिख सरदार जसा सिंह ने दिळली के लाल किळले पर केसरी निशान फैराया व सिख गुरूओ की जादगारों पे गुरूदवारा साहिब का निरमाण कीया। भाई लखी शाह एक धनाड वयपारी बड़तीआ कनाउुँत गोत्र के गोआर राजपूत बनजार थे। भाई लखी शाह रासीना गाँव का मालिक था तथा आज गोआर बनजारा राजपूत समाज को उन के पूरवजों की जगाह रात्रि को रुकने की जगाह नहीं। दिळली सिख गुरदवारा प्रबन्धक कमेटी ने अपनी आमदन बड़ाने के नाम पे, ऐशो अराम के लिऐ वातानकूल कमरे बना भारी किराया निरधारित कर दिया है जो जाएज नहीं तथा बनजारा समाज के लोगों को देना मुशकल है। सिख कोम भाई लखी शाह को भूल गई ओर उुसके घर पे जो गूरूदवारा साहिब नावें गुरू साहिब जी की याद में बनाया है उस का नाम रकाबगँज रखा जाना कैसे

जाइज है? जथा बाबा लखी शाह जी की याद मे बहाँ पर इक इमारत तो कया इक कमरा तक नहीं बनाया गया कयु? दिळली में अकबर रोड है मगर अफसोस भाई लखी शाह के नाम पे कोई रोड जा चौक, इमारत, मोहला, तथा कोइ भी यादगार कयू न है? अगर बाबा लखी शाह गुरु करिपा से अपने कुनबे (बेटे नगाहीआ, हाड़ी, हेमां तथा नाइक, धूमां बेटा काने का तोमर बिंजलोत आदि के साथ मिल कर गुरु तेगबहादर जी की शहीदी की जगहा पे ना पहोंचते आज जो मान बाबा जैता जी (जीवन सिंह – रंगरेटा गुरु का बेटा) को मिला है ना मिलता। यह गुरू के सिख तो पहिले ही दिळली में थे तथा एनहों ने गुरु तेगबहादर साहिब जी की शहीदी अपने आँखों से देखी थी (इसी लिऐ बाबा जैता जी ने गुरु गोबिन्द राऐ जी से कहा था, कि गुरु तेगबहादर साहिब जी की शहीदी के सम्य वहां कई सिख थे मगर ओरंगजेब के ड़र से कोई भी सिख आगे नहीं आया तथा बाबा जैता जी के घर में ही विचार करते रहे। जब इने बाबा लखी शाह बनजारा के आने की सूचना मिली, बाबा जैता जी तथा दूसरे सिख बाबा लखी शाह जी को मिलै तथा शहीदी की सारी बात बताई। बाबा लखी शाह बनजारा जी गुरु जी के अनन सेवक थे तथा एक पल भी सोचे बिना तुरन्त सेवा के लिऐ उठ खवे हुऐ और जालिम ओरंगजेब की फौजौं के सखत पहिरे में सें भी गुरू तेगबहादर साहिब जी का पार्थक शरीर (बेटे नगाहीआ, हाड़ी, हेमां तथा नाइक धूमां बेटा काने का तोमर बिंजलोत आदि के साथ मिल कर) उठा ले गऐ तथा गरू जी का पवित्र शीश अन्नद पुर ले जाने के लिये बाबा जैता जी तथा साथीओं को सोंप दिया। बाबा लखी शाह बन्जारा ने गुरू तेगबहादर साहिब जी के पार्थक शरीर का, अपने गाँव रसीना मे आदर साहित अपने घर को आग लगा सन्सकार कर दिया। खुशी की बात है कि आज शरोमणी गुरूदवारा परबंदक कमेटी तथा सिख जगत भाई जैता (बाबा जीवन सिंह) जी का तो पुरब मनाती हैं मगर अपसोस बाबा लखी शाह बन्जारा जी की कुरबानी को आंखों से ओजल कर दीआ गया है कयू? कया बह किसी समान के हकदार ना है? इतना ही नहीं बाबा लखी शाह बन्जारा जी के वारस गोआर राजपूत समाज वाले भी कयों खामोश हैं?

-000-

कसरत करें सेहत बनाऐं, रोगों को दूर भगाऐं !

भारतीय हैंड़ो फैड़रेशन, प्रधान : सोखविंदर सिंह बिंजरौत
मो: 78764 26226 एवम E. Mail: ssbarjot@gmail.com

SULTAN ACADEMY
PILI KOTHI, JAWAHAR NAGAR,MANDI DABWALI, HARYANA
MRS. PARAMJIT KAUR, COACH MOB: 09855480776 & 7876426226

' *गोआर समाज का धर्म* '

कोई भी समाज धर्म के बिना विकसित नही हो सकता है। धर्म में मानव मन की शान्ति की तलाश करता है। अगर समाज को सही गुरू मिल जाये तो समाज के लोग अपने आप को सुरक्षित समझते है। यह धर्म ही है जो आदमी को उसकी दशा और दिशा बताता है। धर्महीन व्यक्ति दिशाहीन होता है तथा भटकता फिरता है। प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसका मालिक अथवा गुरू शक्ति–शाली हो। धर्मिक गुरू की शरण में व्यक्ति अपने आप को ज्यादा सुरक्षित महसूस करता है। इतिहास उठाकर देखा जा सकता है जहॉ लोग धार्मिक नही वहां दिशाहीन होते है। इसीलिए धर्म समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करता है।

यह एक विडम्बना है कि गौर/गोआर समाज जो भिन्न–भिन्न वर्गों में बंटा है, कोई एक धर्म, धार्मिक गुरू नजर नही आता है। आदिकाल से इन्सान किसी ना किसी धर्म से जुडा हुआ है और उसकी कोई न कोई पूजा–विधि का अनुशरण करता आ रहा है। गौर/गोआर समाज सम्पूर्ण भारत में है तथा भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता है। गौर/गोआर समाज ने हिन्दू, बौद्ध, मुस्लिम, ईसाइ व सिक्ख धर्म ग्रहण कर रखे है। परन्तु यह यकीन के साथ नही कहा जा सकता कि गौर/गोआर समाज का अपना धर्म क्या था? एवं इनका ईष्टदेव कौन था। इससे पहले हम गौर–धर्म पर विचार करें कि धर्म क्या है। धर्म की सही परिभाषा करना कठिन है। फिर भी सरल भाषा में धर्म आलौकिक, विश्वास को नियन्त्रित करने वाली आशक्तियों की पूजा में विश्वास करना ही धर्म कहलाता है। सरल शब्दों में परमात्मा को प्राप्त करने एवं आवागमन से मुक्ति के तरीके में विश्वास, आलौकिक शक्तियों की पूजा में विश्वास करना तथा आलौकिक शक्तियों को विश्व को पैदा करने तथा विश्व का संहार करने वाला मानना, धार्मिक चिन्हों में विश्वास रखना एवं बताये गये धार्मिक उसूलों पर चलते परमात्मा की खोज में यकीन करना ही धर्म कहलाता है।

अगर हम अलग–अलग धर्मो का अध्ययन करें तो एक बात सभी धर्मो में मिलती है कि सभी धर्मो का विश्वास है कि कोई एक आलौकिक शक्ति है जिसको हम परमात्मा, रब, अल्लाह, भगवान एवं गोड कहते है। सृष्टि की उत्पत्ति की है एवं वो ही उसका विनाश करते है। प्रत्येक धर्म का एक पवित्र ग्रन्थ होता है। जैसे हिन्दू धर्म में वेद, उपनिषद, सूत्र, पुराण, उपपुराण, रामायण, महाभारत, गीता इसी प्रकार ईसाइ धर्म में बाईबल, मुस्लिम धर्म में कुरान एवं सिक्ख धर्म में गुरुग्रन्थ साहिबजी है। इन सभी धर्मो के कुछ नियम एवं बंदिशें हैं जिनको मानना ही धर्म है।

इसी संदर्भ में हम देखेंगे कि क्या गौर/गोआर समाज में ऐसी कोई आलौकिक शक्ति है जिसको समस्त गौर/गोआर समाज मानता है। इससे पहले हमें गौर/गोआर समाज में प्रचलित गौर/गोआर समाज की उत्पत्ति के सिद्धान्तों पर विचार करना होगा।

वाई रूपला नाईक ने अपनी पुस्तक *''कलरफुल बंजारा थ्रू दी एजिस''* में गौर/गोआर समाज की उत्पत्ति श्रीकृष्ण भगवान एवं उनकी प्यारी गोपिका राधा तथा मोला के दत्तक पुत्रों राठौड, परमार चौहानों से होना लिखता है। इस प्रकार गौर/गोआर समाज का ईष्टदेव श्रीकृष्ण जी को कहा जा सकता है। लेकिन श्री वाई०रूपला नाईक के इस सिद्धान्त पर विश्वास करना कठिन है।

1–अगर हम इतिहास पर नजर डालें तो मोला नाम का कोई गौ–पालक नही हुआ है।

2–श्री वाई०रूपला नाईक का विचार भी आधारहीन है कि श्रीकृष्ण भगवान एवं उनकी प्यारी गोपिका राधा ने राजपूत राजों सें तीन राजकुमार मांगे जो उन्होंने सहर्ष दे दिये। इन मांगे हुए राजकुमारो राठौर, परमार, चौहान जिनका लालन–पालन राधा तथा मौला ने किया, कहा गया है उनसे आगे चलकर गौर/गोआर समाज का विस्तार हुआ है।

3–अगर हम इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि महाभारत के समय तक राजपूत शब्द का प्रयोग नहीं था। टीवी पर प्रसारित महाभारत सीरीयल के संवादों को ध्यान से सुनें तो पता चलता है कि कौरव–पांडवो के लिए आर्यपुत्र शब्द का प्रयोग हुआ है न कि राजपुत्र शब्द का।

यहॉ यह बताना जरुरी हैं कि किशन कौतनिया के अनुसार श्रीकृष्ण जी गौर वंश से है। इसलिए यह कहना गलत नही है कि श्रीकृष्ण जी से पहले गौर वंश चल रहा था जिस में श्रीकृष्ण जी ने जन्म लिया। मगर यह भी सच है कि आज गौर/गोअर समाज में श्रीकृष्ण जी की पूजा अधिक होती है। इस समाज ने श्रीकृष्ण जी के कई मन्दिर बनवाये है। यदि हम इसको धर्म के नजरियें से देंखे तो लगता हें कि गौर/गोअर समाज का आराध्य देव श्रीकृष्ण जी ही है। क्षत्रीय होने से गौर/गोअर समाज की कुल देवी मां काली है। स्वामी गोकुलदास के अनुसार गौर/गोअर समाज की उत्पत्ति शिवजी के पांच गणों से हुई है। स्वामी गोकुलदास जी भले इस समाज से नही थे मगर उन्होने अपने विचारों से यह जरूर बताने की कोशिस की है कि गौर/गोअर समाज का धर्म शिव था तथा शिव की ही पूजा करते थे। अपने विचार को स्पष्ट करने के

लिए स्वामी गोकुलदास जी बंजारा भास्कर के पेज नम्बर 8 पर जो रीति–रिवाज इस समाज में अभी भी प्रचलित हैं। उन पर विचार करने से पता चलता है कि गौर/गोअर समाज गोसाई जिसे शिव भी कहते हैं, अपना गुरु मानते हैं। अगर कोई समाज गुरु के नियमों को मानता है उन नियमों को मानना ही धर्म कहा जा सकता है। स्वामी गोकुलदास जी इसके समर्थन में निम्न तथ्य प्रस्तुत करते है।

1–बंजारा पुरूष को गौर और बंजारा स्त्री को गोरनी/गोआरनी कहा जाता है, यह भगवान शिव की प्यारी गौरां की ओर संकेत करता है। तथा यह भी सच है कि किसी अन्य समाज में पुरूष को गौर/गोआर तथा औरत को गौरनी/गोआरनी नही कहा जाता है।

2–बंजारा समाज का बैलों की पीठ पर माल लाद कर व्यापार करना शिव के प्यारे नन्दी की इस समाज को भेंट माना जाता है।

3–बंजारा समाज में सास दूल्हे की चोटी पर जल डाल कर चरणामृत पीती है। गंगा भगवान शिव की जटा से निकली थी, दूल्हे को शिव का रूप समझ कर चोटी पीने का रिवाज भी बंजारों का भगवान शिव और गौरां से सम्बंध होना प्रतीत होता है।

इस तरह स्वामी गोकुलदास जी गौर/गोआर समाज की उत्पत्ति भगवान शिव के पांच गणों से हुई मानते हैं तथा गोसाई जिसे शिव भी कहा जाता है बंजारों का ईष्ट देव है।

अगर हम गौर/गोआर समाज के इतिहास की ओर नजर करते हैं तो एक बात साफ हो जाती है कि यह समाज भिन्न–भिन्न काम करता था तथा काम के नाम से ही भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता था। जैसे सिरकी बन्द, बाणबट, गंवारिया, कंघीवाला, बादी, बाजीगर, बणजारा, सुगाली, ढालिया, मथुरिया, सुनार बंजारा आदि। यह सभी नाम किसी न किसी काम से जुडे हुए हैं। यह नाम लोगों ने हमे दिये है हम अपने आप में गौर/गोआर नाम से आपस में पुकारते हैं। दक्षिण के बंजारे आपस में गौर माटी शब्द का प्रयोग करते है, उत्तर भारत में गोआर शब्द का प्रयोग होता है। गौर/गोआर समाज काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और बंगाल से लेकर काबुल कंधार होते हुये रोम, मास्को व सेन्टपिट्सबर्ग तक फैला हुआ है। अफगानिस्तान में गौर नामक प्रदेश है इस प्रदेश पर गौर/गोआर समाज का शासन था। दसवीं सदी में इस्लाम के आगमन के कारण गौर/गोआर समाज सिन्धुपार कर मारवाड में आ बसा। गौर/गोआर

समाज को भारत में बंजारा ईग्लैण्ड में रोमा, रूस में जिप्सी कहा जाता है।

श्री पी.एस.सदार ने अपनी वैज्ञानिक तरीके की खोज में लिखते है कि पांच हजार वर्ष पूर्व वैदिक काल में सिन्धु–घाटी सभ्यता मुअन–जो–दडो व हडप्पा की खुदाई में मिले सबूतों को ध्यान से जांचने पर पता चलता है कि बंजारा को उस युग में पणी कहा जाता था। पणी अपना व्यापार समुद्र में जहाजों से और जमीन पर बैलों की पीठ पर माल लादकर करते थे। सिन्धु सभ्यता के उजड जाने के बाद गौर/गोआर समाज पंजाब, राजस्थान से होते हुए सारे भारत में फैल गये।

हमारे समाज के खास करके गोर बंजारा के विद्वान गोर घर्म कहते हैं तथा ईस को सबसे पुराण घर्म मानते हैं मगर यह विद्वान भूल जाते हैं कि प्रतेक घर्म का कोई ईष्टदेव होता है तथा पूजा विद्धी होती है। बंजारा के विद्वान ना तो ईष्टदेव के बारे बताते हैं तथा ना ही पूजा विद्धी के बारे बताते हैं। यह विद्धान मानते हैं कि मुअन–जो–दडो व हडप्पा सब से पुराणी सभ्यता है तथा यह सभ्यता हमारी है। मेरा मान्ना है श्री पी.एस.सदार के मत अनूसार पणी, जिस को बंजारा भी लिखा है मुअन–जो–दडो व हडप्पा की अबादी का हिसा थे। मुअन–जो–दडो व हडप्पा की सभ्यता मैं कहीं भी गोर घर्म का र्वनण नही है। श्री पी.एस.सदार के अनुसार मुअन–जो–दडो व हडप्पा की खुदाई मे मिली धार्मिक मूर्तियों के अघार हम गोर घर्म को सम्झने की कोश्सि करतें हैं।

मुअन–जो–दडो व हडप्पा की खुदाई मे मिली धार्मिक मूर्तियां जिन में शिवजी को छः आखों व तीन मुख का दिखाया गया है सम्भवत ब्रह्मा ही हो सकता है तथा सिर पर सींगों का

टोप पहने दिखाई देती है। यह मूर्तियां सिन्धु घाटी के आराध्य देवों की है। श्री वी.एस.सदार की खोज के पेज नम्बर 215 पर दिये गये मानचित्र में दर्शाया गया है कि सिन्धुवासी शिव की पूजा करते थे। यह भी सच है कि इस सभ्यतों कोई मन्दिर नही मिला है।

अगर हम गौर/गोअर समाज को ध्यान से देखें तो साफ लगता है कि गौर/गोअर समाज भी मन्दिर में पूजा नही करते हैं तथा त्यौहार के समय मिट्टी या आटे की मूर्तियां बनाकर पूजा करते हैं, पूजा समाप्त होने पर इन मूर्तियों को जल में विसर्जित कर दिया करते है। सिन्धु सभ्यता के उजड जाने के बाद बंजारों ने एक जगह पर बसने का विचार ही त्याग दिया था और घुम्मकड जीवन जीने लग गये। घुम्मकड जीवन में मन्दिरों में पूजा करना सम्भव नही था।

सिन्धु सभ्यता विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में से एक है श्री पुरूषोत्तम एवं श्रीराम सदार के मतानुसार मुअन–जो–दडो व हडप्पा की खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि गौर/गोआर जिनको श्री सदार ने बणजारा लिखा है इस सभ्याता का हिस्सा थे। पेज नम्बर 75 पर लिखा है भगवान शिव दक्षिण में श्रीलंका तक पूज्यनीय थे और सिन्धु नगरों में जोगेश्वर थे। पेज 98 पर लिखा है ''सिन्धु लोग शिव के भक्त थे शिव का वाहन नन्दी था इसलिए भक्तों ने बैलों के सींग अपने सिर पर चढा लिए होंगे''

नवम्बर 2013 के चुनावों का विश्लेषण दूरदर्शन पर देख रहा था तब दन्तिवाडा–छत्तीसगढ के क्षेत्रों को दिखाया जा रहा था उस समय एक बूत दिखा जिसके सिर पर सींगो वाला टोप लगा था। इससे सिन्धु सभ्यता के सीगों वाली मूर्ति की पुष्टि हो गई।

सिन्धु घाटी के लोग शिव की प्रत्येक वस्तु से भक्तिवश प्यार करते थे। शिव के गले में लिपटे सर्प का प्यार दिखाने के लिए सिन्धु घाटी के लोग अपनी जिव्हा को सर्प की तरह दो भागों में चिरवा लिया करते थे। इसलिए इन्हे नागवंशी भी कहा जाता था। श्री पुरूषोत्तम श्रीराम सदार की खोज के अनुसार आज भी कई जगह पर गौर/गोआर जिन को श्री सदार ने बणजारा लिखा है। अपनी जिव्हा को दो भागों में बांटने के लिए स्वर्ण सूई से निशान लगाते है। श्री पुरूषोत्तम श्रीराम सदार पेज नम्बर 103 पर लिखते हैं कि ''बंजारों में खासकर मथुरा के मथुरिया बंजारों में जीभ को सोने की गरम छडी से काटने की प्रथा है।'' इसलिये आर्यो ने शत्रु को मृघ्रवाचा कहा है। श्री सदार इसी पन्ने पर आगे लिखते है, आर्य जिन लोगों को दास कहते थे वे वास्तव में नाग–वंशी लोग थे। नाग से रिश्ता बताने के जिए वे अपनी जीभ को विभाजित करते थे। बंजारों में यह रिवाज है कि नाग–वंश में शामिल करने के लिए केवल लडके की जीभ को सोने की गरम छडी से काट कर नाग के समान दो जीभ वाला बनाना चाहिये। मध्यप्रदेश के निवार जिले में तथा मथुरा के मथुरिया बंजारों में यह प्रथा सन् 1947 तक प्रचलित थी, शायद आज भी प्रचलित हो।

भले ही श्री सदार ने सिन्धु–घाटी के विषय में अच्छी खोज की हैं, मगर वे भी उनके धर्म के बारे में विस्तार से बताने में असफल रहे हैं। खुदाई में मिली वस्तुओं के आधार पर भी हम सिन्धु लोगों के धर्म के बारे में ठीक से नही कह सकते हैं। यह आम बात है कि व्यक्ति जिससे डरता है उसी को पूजता है इसीलिए सिन्धु लोगों में हवा, पानी तथा अग्नि की पूजा का प्रचलन था। उत्खनन में मिली शिव व दूसरे देवी–देवताओं की मूर्ती के आधार पर हम कह सकते हैं कि वे लोग मातृ–देवी, लिंग–पूजा, योनि–पूजा, वृक्ष, अग्नि तथा स्वास्तिक की पूजा करते थे तथा शिव की उपासना करते थे।

सिन्धु निवासी मृत्यु पर्यन्त योग–समाधि में विश्वास रखते थे। इन सभी उपासनाओं तथा पूजा से हम कह सकते हैं कि सिन्धु संस्कृति में भी कुछ हद तक हिन्दू–धर्म की पूजा होती थीं। डाक्टर

एस.आर.गोयल कहना पूर्णतया ठीक है कि सिन्धु–घाटी सभ्यता की खोज ने भारत के धर्म के इतिहास में हमारे दृष्टिकोण में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया क्योंकि अब यह निश्चित है कि हिन्दू–धर्म में प्रचलित कुछ मौलिक विश्वासों तथा कुछ प्राचीन विश्वासों का सम्बंन्ध पूर्व आर्य संस्कृति से था।

अब अगर हम उपरोक्त सन्दर्भ में गौर/गोआर धर्म के बारे में विचार करें तो यह कहा जा सकता है कि गौर/गोआर समाज का धर्म, हिन्दू–धर्म से अलग नही था। सिन्धु सभ्यता से लेकर आज तक दूसरे समाज की भांति शिव–शक्ति के पुजारी थे। स्वामी गोकुलदास जी *''बंजारा भास्कर''*के पन्ना नम्बर 108 पर लिखा है कि ''हिन्दुओं के तमाम देवी–देवता व तीर्थ–स्थानों को उसी प्रकार मानते है जिस तरह अन्य हिन्दू लोग मानते हैं। इसके अतिरिक्त महरमा–माता, मिट्ठू भूकिया, संत सेवालाल महाराज, बंजारी–माता, बाबा रामदेव रूणिचा, गुसांई जी, श्री गुरू नानक देवजी आदि को सामाजिक तौर पर विषेश तौर पर मानते और पूजते हैं।'' मगर सभी गौर/गोआर समाज श्री गुरू नानक देवजी को मानते हैं भले ही उनको सिक्ख–धर्म की पूजा विधि आती हो अथवा नही आती हो। प्रत्येक शुभकर्म की शुरूआत श्री गुरू नानकदेवजी महाराज की अरदास से शुरू करते हैं। हम स्वामी गोकुलदास जी के विचारों से सहमत है कि गौर/गोआर हिन्दू–धर्म के देवी–देवताओं की पूजा करता है इसलिए हिन्दू ही कहा जायेगा इनका अलग से कोई धर्मनही
है।

कसरत करें सेहत बनाऐं, रोगों को दूर भगाऐं !

भारतीय हैंड्रो फैड़रेशन, प्रथान : सोखविंदर सिंह बिंजरौत
मो: 78764 26226 एवम E. Mail: ssbarjot@gmail.com

SULTAN ACADEMY
PILI KOTHI, JAWAHAR NAGAR,MANDI DABWALI, HARYANA
MRS. PARAMJIT KAUR, COACH MOB: 09855480776 & 7876426226

शबद जो हमे जोड़ता है – गोआर / गौर

जब बनजारा, लुबाना. सुगाली, सिरकी बन्द, बाण वट बाजीगर पंजाब में खुद को गोआर / गौर कहते है तो ही एक लगते हैं मगर इन सभी के लिये इन के नाम सिरफ एक वयोपार का धंधा ही वन कर रह गये है। लोगों ने इने पणीए / बनिया व बकावल तथा वंजारा भी इसतेमाल किया। इन में से किसी ने नमक का धंधा किया तो लोगों ने उुसे लुवाना कहा, वाण बनाने वाले को वाण बट, सिरकी बनानो वाले को सिरकी बंद, बाजी ड़ालने वाले को बाजीगर यानी सभी को लोगों ने उुन के काम के साथ ही नाम दे कर बुलाया जाना शुरू किया मगर यह लोग खुद को गोआर / गोर ही बुलाते । यह तो होता ही है कि हर इक इसांन अपने आप कूछ काम तो करता ही है जो पेशा होता है ना कि जाती व गोत्र । गाँवो में चूड़ीआँ बेचने वालों को लोग वंजारा कहते है। हमारे विदवान बंजारा उुसे कहते हैं जो बैल पर समान लाद कर वयापार / वित्रण करता था मगर यह काम भी केवल धनाड बंजारे (जिन के पास हजारों, लाखों बैल होते थे) ही करते थे, न कि सभी गौआर / गौर । गोआर राजपूतों में से जंगी, भंगी, लखी शाह, राय सिंह व संत बाबा सेवा लाल अपने काफिलों संग दूर दराज तक जा कर सामान बेचते थे। मखन शाह व फुलानी संत धनाड़ गोआर वंजारों ने तो कुछ कमजोर व छोटे राजाओं व जागीरदारों को हरा कर अपने अलग राजय बनाए व अपनी सखत मेहनत से अपने साथीओं को वयपार में जमाया जो एक काम ही है जैसे खेती, लोहारा, सुनारा, कुमहारा आदि कारय हैं। मनू ने चार वरणों ब्राहमण, क्षत्रिय, वैशय व शूद का विवरण कीआ है जिन में से गोआर बरादरी दो में, कयों कि हम क्षत्रिय तथा वैशय में आते हैं। जब वयपार करते तो वैशय ओर जब तलवार ले कर अपने सामान की रक्षा करते हैं तो क्षत्रिय कहलाते हैं। महाँभारत का युध कौरवों व पाँड़वों के वीच हुआ तथा पाँड़वों का नेत्रव करने वाले भगवान कृशण जी को जगह जगह गोपाल, गोआर सवामी कहा गया है। गुरू ग्रन्थ साहिब के अंग 472 पे कवीर जी की बाणी में लिखा है; – 'हम गोरू तुम गोआर गोसाईं जन्म जन्म रखवारे। कबहूं ना पारि उतारि चराईंह केसे खसम हमारे" तथा अंग 338 पे है ;– 'आस पास धन तुलसी का विरवा माझ बनारिस गाओं रे। उअं का सरूप देखि मोहि गोआरिन मो को छोड़ ना आउुं ना जाहू रे"। आज भी हम खुद को गौर / गौआर व दूसरों को कोर / कौरव मानते हैं।

महाँभारत के पशचात दो कौम सामने आइ कौरव जिनें बाद में कोर कहा गया व पाँड़व जिनें बाद में भगवान कृशण जी के सखा होने के कारण गोआर कहा गया। महाँभारत के समय गौआर / गोरों को आर्य कहा गया था न कि राजपूत। गौआर समय के साथ राजा बने व आगे चलते हुये गोआर समाज में राजपूती गोत्र प्रसार, चौहान, राठौड़ व तन्वर का उुलेखय मिलने लगा व राजपुत्र होने की वजह से गौआर राजपूत कहलाने लगे।गौर/गौआर राजपूत 36 शाही धरानों में से इक हैं जो पंथवी राज चौहान के दरबारी कवी चाँदबरदाई ने पर्थिवी राज रासौ मैं.. लिखा है। उनके बाद कर्नल टाड़ ने अपनी किताब 'राजपूत कबीलों

का इतिहास' के पन्ना 99 पे में राजपूतों के 36 शाही धरानों की सारणी दी है जिस में गोर धराने का भी जिकर लिखा है। समाज के महान विदवान मोती राज राठौड़ ने भी 'गौर बंजारा जनजाती का इतिहास' में पन्ना 16 पे लिखा है;- 6वी सदी से 9 वी सदी तक बूंदी, कोटा, साँबर, चितौड़ छौटी सादड़ी, उदयपुर, जमशेदपुर, सलाहरगड़, मन्दसोर, प्रतापपगड़, बाँसवाड़ा व रतलाम इलाकों में गौर समाज का / वंश का राज था।

कर्नल टाड़ ने अपनी किताव 'इनालि अेड एनटीकस आफ राजसथान' के पन्ना 138 पे लिखा है कि बंगाल के पुराने राजा गौर बंश के थे व उुन की राजधानी का नाम लखनौती था। मध भारत मे भी इक रियासत 'सूपुर' थी जो 1809 मे, मराठों ने जीत ली थी। सवामी गोकल दास बंजारा भासकर के पन्ना 48 पे लिखते हैं कि बुन्धेलखंड़ का राजा छतरसाल बड़तीआ था। उुपर दी जानकारी से पता चलता है कि हम राजाओं की संतान हैं इस लिए राजपूत हैं व कूछ लेखक मित्रों का हमें राजपूत ना मानना गलत है। समय की जरूरत है हम अपना वंश जाने व खुद् को पहचाने तथा अपने रिशतों को संजोए, संभाले व बिरादरी में ही रहते हुये अपने आनेवाले समय को सजायें।

दसम ग्रथ के अधयन से भी पता चलता है कि सवय 1 से 2492 तक गुरू गोविंद सिंह जी ने जगह जगह गुआर गुआरनीं शबद् का इसतेमाल किआ है। टीका कारों ने इस प्रसंग में लिखे गुआर व गुआरनी का अर्थ गवाला किया है जैसे-

गवारिन के हरि कंचन से तन मह मन की मन तुल खुबा है,
खेलत है हरि के संग सो जिनकी करनी नहीं जाति सुबाह है,
खेलन को भगवान रचि रसके हित चित्र वचित्र सभा है
जयों उपजी उपमा तिन मह ब्रिखभान सुता मनो चन्द्रप्रभा है। (अंग 590)
मेघ मझार अउु देव भले गवरी करि के हित गावह
जैत सिरी अर मालसिरी नट नायक सुन्दर भात बसावह,
रीझ हरि ब्रिज की सब ग्वारिन सुर जे सुन पाचह,
अउरन की बात कहाँ कहिए तजि इन्द्र सभा सब आसन आवह। (अंग 594)
काहन विराजत ग्वारन मह कबहु शयाम कहे जिन को कुछ भउना,
तात की बात को नयन सुनह जिनके संग भात करिए बन गउना,
ताँ के लट लटकह तन माहे जयों साभिन के मन ग्यान दिवाउना,
पे उपजी उपमां मन लाग रहे अर राजन छउना। (अंग 599)

सवाल है कया हम हर इक को गोआर / गोर कह सकते हैं? नहीं। जैसे सभी वयपार करने वाला वंजारा नहीं हो सकता। इसी तराँ गोआर समाज के गोत्रों के लोग ही गोआर / गोर कहे जा सकते हैं। कूछ लेखक भाईं चन्द्रगुपत मौर्यं को चंद्रगौर लिखना ठीक समझते हैं और उददल और बसराज के सुतुत्र सुलखाण और मलवाण गौर वंजारा लिखते हैं। जब तक हम इनका गौर वंशिय गौत्र नहीं लिखते याँ किसी प्रमाणक पुसतक का हवाला नहीं देते। यह कहानी ही रहेगी तथा समाज को भ्रमित करने बाली होगी। हमारे सामने अनेकों लोग कथाए हमारे गोआर / गोर पुरवजों की ही हैं। ये देखना है कि किसी नायक, नायिकाए व राजा का गौर वंशी गोत्र नहीं है तो हम उुसे गोआर / गोर नहीं कह सकते। न ही हमें गलत लिख कर लोगों को भ्रमित करना चाहीए। शहीद भाईं मनी सिंह व बाबा लखी शाह का परिवार का सिख इतिहास में बहुत महतवपूंण योगदान है जो गोआर राजपूत हैं। शहीद भाईं मनी सिंह के परिवार में से 52 शहीद् गोर वंशी गोत्र पन्वार वंश बीझे का विंजरावत है जो आज भी हमारे समाज के सभी वरगों में पंजाब के बाजीगरों, बंजारा, लुबाना. सिरकी बन्द, बाण वट में मोजूद् है इस लिए इन्हें अकेला वंजारा कहना गलत होगा। गोर वंश के राजाओं का राज हुआ है इसी लिए ही हमारे गौर समाजके खास करके बंजारा समाज तथा सिरकी बन्द,वाण वट पंजाब मैं अपने साथ राजपूत गौत्र गैसे परमार, ग्रठैर, चोहाण यादव तथा तोमर लिखते हैं।मगर हमारे गोर वंश के कुछ लोग खुद् को बाजीगर व और ही कुछ कहते रहते हैं जो गलत है। हमारे हिसाब से राजपूत वो है जो राजा का पुत्र व वंशज है फिर गोर राजाओं के वंशज हम राजपूत कयों न हुये? अपने आप को छोटा आँकना कहाँ की भलाईं व इन्साफ है ?

-000-

10-11 जनवरी 2013 नेपाल में खिलाड़ी खेलते होए व विजय पँसन

www.handobarjot.blogspot.com officehando@gmail.com hando martial art

AMATEUR INTERNATIONAL HANDO COUNCIL